प्रथम सूचना रिपोर्ट

{ अन्तर्गत धारा 173 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023}

1. जिला–भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों, बाड़मेर, थाना:–एसीबी सीपीएस जयपुर, वर्ष 2024 प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 262/2024 दिनांक 13.11.24

2. (1) अधिनियम भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) धारा 7,7ए,

(2) अधिनियम भारतीय दण्ड संहिता धारायेः– .....

(3) अधिनियम .....–..... धाराये :–.....–.....

(4) अन्य अधिनियम व धारायें :– 61(2) बीएनएस 2023

3. (अ) रोजनामचा आम रपट संख्या 172 समय 08.52 PM

(ब) अपराध के घटने का दिन :–मंगलवार, दिनांक 12.11.2024, समय 05.05 पी.एम..

(स) थाना पर सूचना प्राप्त होने का दिनांक :– 05.11.2024 समय 05:15 पी.एम.,

4. सूचना की किस्म :– हस्तलिखित,

5. घटनास्थल :–

(अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरीः–चौकी से बदिश उत्तर – पश्चिम बफासला करीब 70 कि. मी. दूर।

(ब) पता :– रामगढ, जिला जैसलमेर

(स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो :– नहीं

6. परिवादी/सूचनाकर्त्ता :–

श्री गेमराराम पुत्र श्री सन्तोकाराम निवासी पारेवर जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी पारेवर पुलिस थाना रामगढ

7. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तो का ब्यौरा विशिष्टियो सहित :–

1. श्री रामलाल पुत्र श्री भानाराम जाति जाट 58 साल निवासी ग्राम कुड़ी पुलिस थाना भोपालगढ जिला जोधपुर ग्रामीण हाल उप निरीक्षक पुलिस थाना रामगढ जिला जैसलमेर।

2.श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र रूपाराम जाति भील उम्र 43 साल निवासी सरकारी अस्पताल के सामने लोहिया पाड़ा मोहनगढ पुलिस थाना मोहनगढ जिला जैसलमेर हाल हैड कानि 1545 पुलिस थाना रामगढ जिला जैसलमेर।

3. श्री अजयपालसिंह पुत्र तेजमालसिंह जाति राजपुत निवासी जानसिंह बेरी तहसील गडरा पुलिस थाना गिराब जिला बाड़मेर (फोन पे पर रिश्वती राशि प्राप्त करने वाला प्राईवेट दलाल)

8. परिवादी/सूचनाकर्ता द्वारा इतला देने में विलम्ब का कारण :– कोई नहीं।

9. चुराई हुई/लिप्त सम्पत्ति की विशिष्टयां :–.....

10. चुराई हुई/लिप्त सम्पत्तियों का कुल मूल्य ट्रेप राशि 6000/–रू0,

11. पंचनामा /यूडी केस संख्या (अगर हो तो).....

12. विषय वस्तु प्रथम इत्तला रिपोर्ट .....

सेवामे

श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसलमेर

विषयः— रिश्वत न देकर रंगे हाथो पकड़वाने बावत।

महोदय

नम्र निवेदन है कि मै गेमराराम पुत्र श्री सन्तोकाराम निवासी पारेवर जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी पुलिस थाना रामगढ पैसा किराणा की दुकान, कृषि कार्य का अर्ज इस प्रकार है कि मै पारेवर गांव में किराणा की दुकान चलाता हुँ। मै पुर्व में शराब व्यवसाय का काम करता था एवं पुलिस थाना रामगढ को श्री लक्ष्मीनारायण हैड साहब के मार्फत मंथली देता था, फिर भी मेरे उपर पुलिस थाना रामगढ द्वारा मुकदमा नम्बर 78/2024 दिनांक 24.10.2024 एवं 81/2024 दिनांक 01.11.2024 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे सीआई साहब श्री जयकिशन सोनी वगैराह द्वारा दर्ज कर देने के कारण वर्तमान में मैने उक्त कार्य बन्द कर दिया है, फिर भी पुलिस थाना रामगढ में कार्यरत सीआई साहब श्री जयकिशन सोनी व थानेदार श्री रामलाल जाट एवं अन्य पुलिस कर्मियो द्वारा बार बार मेरी किराणे की दुकान की तलाशी करने व बन्द करवाने की धमकी दे रहे है। इससे मेरी किराणे की दुकानदारी का कार्य प्रभावित हो रहा है। पुलिस थाना रामगढ मे आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमो में मदद करने, मुकदमे मे जब्त मेरी मोटरसाईकिल एवं मेरी किराणे की दुकान की बार बार तलाशी बन्द करने के लिए मेरे से 10000 हजार रूपये मेरी मदद करने एवं मंथली के लिए मांग रहे है अगर में ये पैसे नही दुंगा तो ये पुलिस थाना रामगढ में दर्ज मुकदमे में मदद भी नही करेगे तथा मेरी किराणा की दुकान नही चलने देगे व बार बार परेशान करते रहेगे। वर्तमान में मेरी ऐसी स्थिति नही है कि मै इनको 10000 रूपये देकर किराणा की दुकान चला सकू। मेरे पास किराणा की दुकान के अलावा कोई रोजगार नही है न कि मै दुकान बन्द कर सकता हुँ। अतः मे इन कारणों से परेशान होकर इनको 10000 रूपये देने की बजाय 10000 रूपये की रिश्वत देकर इनको रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हुँ। ये कई बार अपने जान पहचान वाले के खाते मे फोन पे पैसे लेते है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि कानूनी कार्यवाही करे।

प्रार्थी
—एस.डी.—
नाम— गेमराराम पुत्र श्री सन्तोकाराम
गांव पोस्ट पारेवर जिला जैसलमेर
मोबाईल नम्बर [redacted]

—एस.डी.— गवाह श्री हंसराज सहायक अभियन्ता दिनांक 11.11.2024
—एस.डी.— गवाह श्री प्रभुसिंह फायरमैन दिनांक 11.11.2024

—एस.डी.— नरपतचन्द अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ,

कार्यवाही पुलिस

दिनांक 05.11.2024 वक्त 5.15 पी.एम.

इस समय परिवादी श्री गेमराराम पुत्र श्री सन्तोकाराम निवासी पारेवर जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी पारेवर पुलिस थाना रामगढ ने उपस्थित होकर मन् नरपतचन्द अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रनिब्यूरो जैसलमेर को एक हस्तलिखित प्रार्थना पत्र इस आश्य का पेश किया कि मै पारेवर गांव में किराणा की दुकान चलाता हुँ। मै पुर्व में शराब व्यवसाय का काम करता था एवं पुलिस थाना रामगढ को श्री लक्ष्मीनारायण हैड साहब के मार्फत मंथली देता था, फिर भी मेरे उपर पुलिस थाना रामगढ द्वारा मुकदमा नम्बर 78/2024 दिनांक 24.10.2024 एवं 81/2024 दिनांक 01.11.2024 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे सीआई साहब श्री

जयकिशन सोनी वगैराह द्वारा दर्ज कर देने के कारण वर्तमान में मैने उक्त कार्य वन्द कर दिया है, फिर भी पुलिस थाना रामगढ में कार्यरत सीआई साहब श्री जयकिशन सोनी व थानेदार श्री रामलाल जाट एवं अन्य पुलिस कर्मियो द्वारा बार बार मेरी किराणे की दुकान की तलाशी करने व बन्द करवाने की धमकी दे रहे है। इससे मेरी किराणे की दुकानदारी का कार्य प्रभावित हो रहा है। पुलिस थाना रामगढ मे आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमो में मदद करने, मुकदमे मे जब्त मेरी मोटरसाईकिल एवं मेरी किराणे की दुकान की बार बार तलाशी वन्द करने के लिए मेरे से 10000 हजार रूपये मेरी मदद करने एवं मंथली के लिए मांग रहे है अगर में ये पैसे नही दुंगा तो ये पुलिस थाना रामगढ में दर्ज मुकदमे में मदद भी नही करेगे तथा मेरी किराणा की दुकान नही चलने देगे व बार-बार परेशान करते रहेगे। वर्तमान में मेरी ऐसी स्थिति नही है कि मै इनको 10000 रूपये देकर किराणा की दुकान चला सकू। मेरे पास किराणा की दुकान के अलावा कोई रोजगार नही है न ही मै दुकान बन्द कर सकता हुँ। अतः मे इन कारणों से परेशान होकर इनको 10,000 रूपये देने की बजाय 10,000 रूपये राशि रिश्वत में देकर इनको रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हुँ। ये कई बार अपने जान पहचान वालो के खातों मे फोन पे से पैसे भी लेते है। परिवादी ने प्रार्थना पत्र स्वयं का हस्तलिखित होकर मय आधार कार्ड फोटो प्रति के अपने स्व–कलमी हस्ताक्षरित एव पुलिस थाना रामगढ जिला जैसलमेर में दर्ज मुकदमा नम्बर 78/2024 व 81/2024 की प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रतियों के पेश की। रिपोर्ट में उल्लेखित समस्त तथ्य सही होना जाहिर किया। परिवादी की रिपोर्ट एवं तकरीरन दरियाफ्त से मामला लोक सेवक द्वारा वैध कार्य के लिये रिश्वत की मांग करना प्रथम दृष्टिया भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आने से इस पर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्रथमतः रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जाने का निर्णय लिया गया, उपस्थित परिवादी श्री गेमराराम ने बताया कि आज सांय का समय हो जाने व उनकी उपस्थिति पुलिस थाना रामगढ में होने की जानकारी नही होने के कारण मैं आज सत्यापन करवाने में असमर्थ हुँ, मै उनकी उपस्थिति रामगढ में सुनिश्चित करके आपसे सम्पर्क कर लूंगा, जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी को आवश्यक हिदायत कर रूकसत किया गया।

दिनांक 06.11.2024 मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री गेमराराम पुत्र श्री सन्तोकाराम निवासी पारेवर जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी पुलिस थाना रामगढ द्वारा दिनांक 05.11.2024 को पेश किये गये प्रार्थना पत्र व हालातो के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया एवं आगामी कार्यवाही बाबत आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किये जाकर मन् अतिरिक्त पु0 अ0 द्वारा जरिये वाटस्एप्प कॉल नम्बर [redacted] से परिवादी श्री गेमराराम के [redacted] पर कॉल किया, जिस पर परिवादी ने बताया कि आज मेरे घरेलू आवश्यक कार्य होने से उपस्थित नही हो सकता हुँ मै कल दिनांक 07.11.2024 को उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कर उपस्थित हो जाउँगा।

दिनांक 07.11.2024को परिवादी श्री गेमराराम कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया एवं बताया कि मैने रामगढ थाने के श्री रामलाल थानेदार एवं श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि की उपस्थिति सुनिश्चित कर ली है, जो आज रामगढ मे ही है, आज सत्यापन की कार्यवाही होने की पूर्ण सम्भावना है। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय हाजा के मालखाना एच.एम. श्रीमति बन्नूकुमारी हैड कानि नम्बर 114 को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के मालखाना से लाने बाबत निर्देशित किया, निर्देशानुसार श्रीमति बन्नूकुमारी हैड कानि नम्बर 114 ने डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पेश किया, डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को ऑपरेट करने बाबत् हाजिर परिवादी श्री गेमराराम को भलीभाती समझाया जाकर कार्यालय हाजा के श्री किसनाराम कानि 238 को कार्यालय कक्ष में तलब कर परिवादी से परस्पर परिचय करवाकर इनके मोबाईल नंबरों का आदान–प्रदान करवाया गया। परिवादी की रिपोर्ट पर रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाने हेतु डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर को ऑपरेट करने बाबत् एक बार पुनः परिवादी व कानि किसनाराम को समझाईस की जाकर पुलिस थाना रामगढ की तरफ निजी मोटरसाईकिल से रवाना किया गया। मांग सत्यापन में गये हुए कानि श्री किसनाराम ने जरिये वाट्सएप्प कॉल से मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को रिश्वति राशि मांग सत्यापन वार्तालाप के हालातो से अवगत कराते हुए परिवादी से भी वार्ता करवाई परिवादी द्वारा मांग सत्यापन वार्तालाप के विस्तृत हालात बताये गये, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कानि श्री किसनाराम व परिवादी को कार्यालय हाजा पर उपस्थित आने हेतु निर्देशित किया, शाम को

करिब 05.35 पी.एम. परिवादी श्री गेमराराम व कानि श्री किसनाराम बाद रिश्वती राशि मांग सत्यापन के पुलिस थाना रामगढ से हाजिर कार्यालय आये, कानि श्री किसनाराम द्वारा डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड स्वीच ऑफ हालात में मुझ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द कर बताया कि में हमराह परिवादी श्री गेमराराम के कार्यालय हाजा से निजी मोटरसाईकिल से रवाना होकर पुलिस थाना रामगढ के पास पहुँचे, जहाँ परिवादी को समझाईश कर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के चालू किया जाकर परिवादी श्री गेमराराम को रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता कर लाने हेतु पुलिस थाना रामगढ की तरफ रवाना किया तथा मैं वहीं आस–पास अपनी मौजूदगी छुपाते हुए परिवादी की वापसी का इन्तजार करता रहा, करीबन 1 घण्टे के बाद परिवादी श्री गेमराराम पुलिस थाना रामगढ से निकलकर मेरे पास पूर्व निश्चित स्थान पर उपस्थित आया, जिससे डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर प्राप्त कर स्वीच ऑफ कर मैंने मेरी स्वयं की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा। सत्यापन के संबध में पुछने पर परिवादी ने बताया कि श्री रामलाल थानेदार, श्री लक्ष्मीनारायण हैड साहब मुझे पुलिस थाना रामगढ मे ही उपस्थित मिले, श्री लक्ष्मीनायण हैड साहब ने मुझे रामलाल जी थानेदार साहब से मिलाया, जिस पर थानेदार जी ने मेरे से दस हजार रूपये की मांग की तथा श्री लक्ष्मीनारायण हैड साहब के बताये अनुसार फोन पे पर दस हजार रूपये रिश्वती राशि करने के लिए श्री रामलाल थानेदार ने कहा, जिस श्री लक्ष्मीनारायण हैड साहब ने फोन पे नम्बर ([redacted]) पिचानु दस चौबीस इठानु पैंसठ बता कर दस हजार रूपये फ़ोन पे करने पर प्रकरणों में मदद करने को कहा इत्यादि हालात निवेदन किये गये, जिस पर हाजिर परिवादी श्री गेमराराम ने भी कानि श्री किसनाराम के कथनों की पुष्टि करते हुए विस्तृत हालात अर्ज किये, ताबाद मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा डिजिटल वॉयस रिकार्डर मेमोरी कार्डयुक्त को ऑन कर सुनने पर श्री किसनाराम कानि. व परिवादी श्री गेमराराम द्वारा बताये गये तथ्यों की ताईद हुई मगर उक्त रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता में परिवादी के "पुलिस थाना रामगढ मे आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमों में मदद करने, मुकदमे मे जब्त मोटरसाईकिल एवं किराणे की दुकान की बार बार तलाशी बन्द करने के लिए मेरे से 10000 हजार रूपये मेरी मदद करने एवं मंथली के लिए मांग रहे है" इत्यादि लम्बित कार्य के सम्बन्ध में उक्त रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता में पूर्णरूप से स्पष्ट नही होने के कारण मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रिश्वती राशि मांग सत्यापन को पुनः करवाया जाना उचित समझते हुए,परिवादी श्री गेमराराम को लम्बित कार्य के सम्बन्ध में पूर्णरूप से स्पष्ट रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता कर लाने हेतु समझाईश की, जिस पर परिवादी श्री गेमराराम ने मुझ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि मै कल दिनांक 08.11.2024 को लम्बित कार्य के सम्बन्ध में पूर्णरूप से स्पष्ट रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता करने की कोशिश कर लूंगा, ताबाद मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने इमरोजा दिनांक 07.11.2024 को परिवादी श्री गेमराराम व आरोपीगण श्री रामलाल उप निरीक्षक पुलिस एवं श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के मध्य हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्तालाप के उपयोग मे लिये गये मूल मेमोरी कार्ड SANDISK 16 GB को डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर से निकालकर अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा, जिसकी फर्द ट्रान्सक्रिप्ट आईन्दा मुर्तिब किये जाने का निर्णय लिया। डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर को मालखाना में सुरक्षित रखवाया गया। हाजिर परिवादी श्री गेमराराम को समझाया गया कि आप कार्यालय हाजा के कानि श्री किसनाराम के सम्पर्क में रहे एवं पुनः अपने लम्बित कार्य के सम्बन्ध में पूर्णरूप से स्पष्ट रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता का प्रयास करे, इत्यादि निर्देश दिये जाकर परिवादी को रूकसत किया गया।

दिनांक 08.11.2024 को समय 09.15 ए.एम. पर कानि श्री किसनाराम ने मुझ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर बताया कि परिवादी श्री गेमराराम ने मुझ कानि से सम्पर्क कर बताया कि मैने श्री रामलाल थानेदार एवं श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि की उपस्थिति का मालुमात कर लिया है उक्त दोनों आज पुलिस थाना रामगढ में ही है। यदि आप आज पुनः मांग सत्यापन वार्तालाप के लिए रामगढ आते है तो पुनः रिश्वती राशि का मांग सत्यापन हो सकता है। मै आपको पारेवर फांटा पर हाजिर मिलुंगा इत्यादि हालात कानि श्री किसनाराम द्वारा बताने पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय हाजा के मालखाना एच.एम. श्रीमति बन्नूकुमारी हैड कानि नम्बर 114 को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के मालखाना से लाने बाबत निर्देशित किया, निर्देशानुसार हैड कानि ने डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पेश किया, डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड कानि श्री किसनाराम को सुपुर्द कर समझाईश की गई कि आप परिवादी के बताये अनुसार पुलिस थाना रामगढ पहुँचे एवं परिवादी के लम्बित कार्य इत्यादि के सम्बन्ध में पूर्णरूप

से स्पष्ट रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता कर लाने के निर्देश दिये जाकर कानि को पुलिस थाना रामगढ की तरफ रवाना किया गया, परिवादी श्री गेमराराम व कानि श्री किसनाराम बाद पुनः रिश्वती राशि मांग सत्यापन के पुलिस थाना रामगढ से हाजिर कार्यालय आये, कानि श्री किसनाराम द्वारा डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मेमोरी कार्डयुक्त को स्वीच ऑफ हालात में मुझ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द कर बताया कि मै कार्यालय हाजा से जरिये निजी मोटरसाईकिल से रवाना होकर पारेवर फांटा पहुँचा, जहॉ पर परिवादी श्री गेमराराम एक व्यक्ति सहित मोटरसाईकिल पर उपस्थित मिले, जिस पर मैने श्री गेमराराम से उक्त व्यक्ति के बारे में पुछा तो बताया कि यह मेरा चचेरा भाई आदूराम उर्फ आईदानराम है जो पुलिस थाना रामगढ में दर्ज प्रकरण संख्या 81/2024 का आरोपी है जिसको भी आज थाने वालो ने वुलाया है, जिस पर मैं मेरी निजी मोटरसाईकिल व परिवादी व आदूराम उर्फ आईदान अपनी मोटरसाईकिल से पारेवर फांटा से रवाना होकर करीवन 11 एएम पर पुलिस थाना रामगढ के पास पहुँचे, मै गोपनीयता के कारण पुलिस थाना रामगढ से कुछ दुरी पर रूका जहॉ पर परिवादी श्री गेमराराम मेरे पास पैदल पैदल आया, मेरे द्वारा परिवादी को मांग सत्यापन वार्ता के सम्बन्ध में समझाईश कर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के चालू कर परिवादी श्री गेमराराम को रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता कर लाने हेतु पुलिस थाना रामगढ की तरफ रवाना किया तथा मैं वहीं आस–पास अपनी मौजूदगी छुपाते हुए परिवादी की वापसी का इन्तजार करता रहा, करीबन आधे घण्टे के बाद परिवादी पुलिस थाना रामगढ से निकलकर मेरे पास पूर्व निश्चित स्थान पर उपस्थित आया, जिससे डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मेमोरी कार्डयुक्त को प्राप्त कर स्वीच ऑफ कर मैंने मेरी स्वयं की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा। पुनः मांग सत्यापन के संबध में परिवादी ने मुझे बताया कि श्री रामलाल थानेदार थाने पर उपस्थित मिले, जिनसे मैने मेरी वर्तमान आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण कल दिनांक 07.11.2024 को वक्त रिश्वती राशि मांग सत्यापन के समय मांगे गये 10,000 रूपयो मे से कुछ पैसे कम करने का बार बार निवेदन किया तो वो 7000 हजार रूपये की रिश्वत देने की शर्त पर मेरी किराणे की दुकान पर नही आने, बार बार परेशान नही करने व प्रकरणों में मदद के लिए सहमत हुआ। श्री रामलाल थानेदार ने मुझ से पुछा की आपने कल की पैसे फोन पे करने की वार्तानुसार, पैसे फोन पे कर दिये क्या? मेरे द्वारा असहमति जाहिर करने पर श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि को बुलाया, श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि ने श्री रामलाल थानेदार की उपस्थिति में ही कल दिनांक को बताये अनुसार फोन पे नम्बर [redacted] पर 4000 रूपये रिश्वती राशि के करने के लिए पुनः कहा जिस पर मैने 4000 रूपये तत्समय (समय 11.27 एएम दिनांक 08.11.2024) मैने मेरे फोन पे से कर दिये, उक्त फोन पे नम्बर [redacted] की डिटेल में फोन–पे धारक का नाम श्री अजयपालसिंह आया ताबाद श्री लक्ष्मीनारायण हैड साहब ने मुझे श्री भीखसिंह हैड साहब से भी मिलवाया, श्री लक्ष्मीनारायण हैड साहब ने दोनों प्रकरणों में 3000 रूपये श्री रामलाल थानेदार साहब के एवं 3000 हजार रूपये श्री भीखसिह हैड साहब के, कुल शेष 6000 रूपये देने पर पुलिस थाना रामगढ मे दर्ज मुकदमों में मदद करने, मुकदमे मे जब्त मेरी मोटरसाईकिल एवं किराणे की दुकान की बार बार तलाशी बन्द करने के लिए सहमत हुए इत्यादि हालात बताये ,जिस पर हाजिर परिवादी श्री गेमराराम ने भी श्री किसनाराम कानि. के कथनों की पुष्टि करते हुए रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्तालाप के विस्तृत हालात बताये। ताबाद मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा डिजिटल वॉयस रिकार्डर मेमोरी कार्डयुक्त को ऑन कर सुनने पर किसनाराम कानि. व परिवादी गेमराराम द्वारा बताये गये सम्पुर्ण तथ्यों की पुष्टि हुई, मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दिनांक 07.11.2024 व दिनांक 08.11.2024 की मांग सत्यापन वार्ताओं को पुनः गहनता से सुना, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी श्री रामलाल थानेदार द्वारा परिवादी से दिनांक 07.11.2024 को हुई वार्ता में 10000 रूपये रिश्वत की मांग की एवं दिनांक 08.11.2024 को परिवादी द्वारा अपनी वर्तमान आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण 10,000 रूपयो मे से कुछ पैसे कम करने का बार बार निवेदन करने पर श्री रामलाल थानेदार ने 7000 हजार रूपये परिवादी से रिश्वत में देने पर किराणे की दुकान पर नही आने, बार बार परेशान नही करने व प्रकरणों में मदद के लिए सहमत हुआ एवं श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि द्वारा श्री रामलाल थानेदार के लिए परिवादी को तयशुदा रिश्वती राशि फोन पे नम्बर [redacted] पर करने के लिए बार बार कहकर 4000 रूपये रिश्वती राशि के रूप में इमरोजा दिनांक 08.11.2024 को समय 11.27 एएम पर श्री अजयपालसिंह के उपरोक्त फोन पे पर प्राप्त करने से स्पष्ट होता है तथा श्री रामलाल थानेदार के 7000 मे से 4000 रूपये फोन पे प्राप्त करने के बाद शेष रहे 3000 रूपये एवं 3000 रूपये अन्य प्रकरण 81/2024 के अनुसंधान

अधिकारी श्री भीखसिह की उपस्थिति में प्रकरण में परिवादी के जब्त मोटरसाईकिल के वांछित दस्तावेज व्हीकल प्रटीकुलरर्स जिला परिवहन कार्यालय से देने पर मदद करने के एवज में कुल 6000 रूपये परिवादी श्री गेगराराम से रिश्वत में प्राप्त करने के लिए सहमत होना इत्यादि उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है। जिस पर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मे से मेमोरी कार्ड BRINTON 16 GB को निकालकर उक्त मैमोरी कार्ड एवं डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्वयं की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा एवं फर्द ट्रान्सकिप्ट आईन्दा मुर्तिब किये जाने का निर्णय लिया गया, अब तक की हुई कार्यवाही के संबध में उच्च अफसरान से हालात निवेदन कर आरोपीगणों के विरूद्व ट्रेप कार्यवाही आयोजन का निर्णय लिया गया। उपस्थित परिवादी श्री गेमराराम ने बताया कि मेरे द्वारा आरोपी श्री रामलाल थानेदार व श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि द्वारा बताये गये श्री अजयपालसिह के फोन पे नम्बर [redacted]6 पर कि गई रिश्वती राशि 4000 रूपये के युटीआर नम्बर [redacted] दिनांक 08.11.2024 समय 11.27 ए.एम. की डिटेल का स्कीनशॉट एवं श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के वाट्सएप्प नम्बर 9636716002 व श्री रामलाल थानेदार के वाट्सएप्प नम्बर [redacted]6 पर उपरोक्त 4000 रूपये का स्कीनशॉट भेजने पर श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि ने मुझे वाट्सएप्प पर अपने वाट्सएप्प नम्बर [redacted] से वाट्सएप्प एवं सामान्य कॉल किया परन्तु मेरे द्वारा उसको कोई प्रतिउत्तर नही दिया गया, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कानि श्री किसनाराम 238 को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चालू कर दिया जाकर परिवादी श्री गेमराराम के मोबाइल नम्बर [redacted] से श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के मोबाईल नम्बर [redacted] पर वार्ता करवाई जाकर रिकॉर्ड की गई, आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि ने उक्त स्कीनशॉट को वाट्सएप्प से डिलीट करने का कहा जिस पर परिवादी द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के वाट्सएप्प नम्बर [redacted] पर भेजा गया स्कीनशॉट डिलीट कर दिया गया इत्यादि पर परिवादी श्री गेमराराम व आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के मध्य हुई वार्तालाप के उपयोग मे लिये गये मूल मेमोरी कार्ड SENDISK 08 GB को डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर से निकालकर अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा जिसकी फर्द ट्रान्सकिप्ट आईन्दा मुर्तिब किये जाने का निर्णय लिया गया एवं परिवादी द्वारा उपरोक्त आरोपीगणों को वक्त रिश्वती राशि मांग सत्यापन फोन पे किये गये 4000 रूपये का स्कीनशॉट लिए जाकर पेश करने पर शामिल पत्रावली किये गये। परिवादी श्री गेमराराम को हिदायत की गई कि आप आरोपीगण को रिश्वत में दी जाने वाली रिश्वती राशि 6000 रूपये की अतिशीघ्र व्यवस्था करे एवं आरोपीगण की गोपनीय रूप से रामगढ में उपस्थिति सुनिश्चित कर अतिशीघ्र पुनः कार्यालय में अग्रिम ट्रेप कार्यवाही हेतु उपस्थित आने की समझाईश कर रूकसत किया गया। प्रस्तावित ट्रेप कार्यवाही हेतु दो स्वतन्त्र गवाहान की आवश्यकता होने से आयुक्त, नगर परिषद जैसलमेर के नाम तेहरीर मुर्तिब कर श्री कंवराजसिंह कानि 444 व श्री शेराराम चालक कानि 302 मय मोटरसाईकिल के गवाहान मामुर कर लाने हेतु मय तेहरीर के रवाना नगर परिषद जैसलमेर की तरफ किया गया। जो उपरोक्त फिकरा का रवाना सुदा श्री कंवराजसिंह कानि 444 व श्री शेराराम चालक कानि 302 मय मोटरसाईकिल प्रस्तावित ट्रेप कार्यवाही हेतु दो स्वतंत्र गवाहान को नगर परिषद जैसलमेर से मामुर करवाकर हमराह लेकर चौकी हाजा पर उपस्थित आये जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दोनों गवाहान को ब्यूरो कार्यालय में गोपनीय कार्यवाही प्रस्तावित होने से अवगत करवाकर परिचय पूछा तो उन्होनें अपना–अपना परिचय कमशः श्री हंसराज पिता जगदीश प्रसाद जाति मेघवाल उम्र 36 साल गांव पोस्ट बबेड़ी पुलिस थाना हरसौरा तहसील वानसूर जिला अलवर हाल सहायक अभियन्ता नगर परिषद जैसलमेर मोवाईल नम्बर [redacted] व श्री प्रभुसिंह पुत्र भौनाराम जाति जाट उम्र 39 साल निवासी मोतीनगर पुलिस थाना सदर बाड़मेर हाल फायरमैन नगर परिषद जैसलमेर मोबाईल नम्बर [redacted] के रूप में दिया, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय स्टाफ एवं दोनो स्वतन्त्र गवाहान को ट्रेप कार्यवाही प्रस्तावित होने के कारण से हर समय अपना मोवाईल स्वीच ऑन रखने तथा बुलाने पर तत्काल कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर रूकसत किया गया।

तावाद दिनांक 09.11.2024 उच्चाधिकारियो के मौखिक निर्देशानुसार कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसलमेर में विडियो रिकॉर्डिंग कैमरा उपलब्ध नही होने से भ्रनिब्यूरो कार्यालय बाड़मेर से कानि श्री मनोहरराम कानि 39 एक कैमरा पैनासोनिक फुल एचडी एच सी–वी 785 मय सम्बन्धित उपकरण लेकर उपस्थित आया जिसको कार्यालय हाजा के मालखाना में मालखाना इंचार्ज से सुरक्षित रखवाया गया।

दिनांक 11.11.2024 को परिवादी श्री गेमराराम ने उपस्थित कार्यालय होकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि मै श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के मांग सत्यापन वार्ताओं में बताये अनुसार मुकदमें 81/2024 में मेरी जब्त मोटरसाईकिल की प्रटीकुलरर्स आरसी के कागजात आरटीओ कार्यालय से लाकर देने के लिए कहा था,जिस पर मै अभी आरटीओ कार्यालय जैसलमेर से प्रटीकुलरर्स आरसी लेकर आया हुँ परन्तु आरोपीगण को दी जाने रिश्वती राशि 6000 रूपये की व्यवस्था नही हो पाई है परन्तु मै जल्दी ही पैसो की व्यवस्था कर दूगा।जिस पर पुर्व में पाबन्दशुदा स्वतन्त्र गवाह श्री हंसराज पिता जगदीश प्रसाद जाति मेघवाल उम्र 36 साल गांव पोस्ट बबेड़ी पुलिस थाना हरसौरा तहसील वानसूर जिला अलवर हाल सहायक अभियन्ता नगर परिषद जैसलमेर मोबाईल नम्बर [redacted] व श्री प्रभुसिंह पुत्र भौनाराम जाति जाट उम्र 39 साल निवासी मोतीनगर पुलिस थाना सदर बाड़मेर हाल फायरमैन नगर परिषद जैसलमेर मोबाईल नम्बर [redacted] तलविदा ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आये है, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित परिवादी श्री गेमराराम पुत्र श्री सन्तोकाराम निवासी पारेवर जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी पुलिस थाना रामगढ का दोनों स्वतन्त्र गवाहो से परस्पर परिचय करवाते हुए,ब्यूरो कार्यालय द्वारा प्रस्तावित गोपनीय कार्यवाही के मन्तव्य से अवगत करवाया जाकर परिवादी द्वारा दिनांक 05.11.2024 को प्रस्तुत हस्तलिखित रिपोर्ट दोनों गवाहान को पढकर सुनाई गई एंव पढने हेतु दी जाकर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में रिकॉर्डिंग रिश्वती राशि मांग सत्यापन दिनांक 07.11.2024 एवं दिनांक 08.11.2024 की वार्ताओ को डिजीटल वॉईस रिकार्डर में मेमोरी कार्डो को पृथक पृथक डाला जाकर किया जाकर दिनांक 07.11.2024 एवं दिनांक 08.11.2024 के मुख्यांशो को सुनाया गया। दोनों गवाहान द्वारा भी हाजिर परिवादी से रिपोर्ट के संबध में पूछताछ कर बाद तसल्ली के परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अपने–अपने दिनांकित हस्ताक्षर करते हुए इस कार्यवाही में स्वतन्त्र गवाहान बनने की मौखिक सहमति दी गई।दिनांक 07.11.2024 को परिवादी श्री गेमराराम व आरोपीगण श्री रामलाल थानेदार एवं श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मध्य रूबरू हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता के मैमोरी कार्ड SANDISK 16 GB को कार्यालय के डिजीटल वॉईस रिकार्डर में इंस्ट्रॉल किया जाकर मेमोरी कॉर्ड SANDISK 16 GB को परिवादी श्री गेमराराम के माध्यम से रिकॉर्ड करवाई गई थी, की फर्द ट्रांसकिप्टस तैयार करनी शेष हैं। अतः परिवादी श्री गेमराराम तथा दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं श्री प्रभुसिंह फायरमैन नगर परिषद जैसलमेर की मौजूदगी में फर्द ट्रांसकिप्टस रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्तालाप मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्यालय हाजा के कानि श्री संग्रामसिंह नं. 536 द्वारा कार्यालय लेपटॉप से तैयार करनी शुरू की गई।परिवादी श्री गेमराराम व आरोपीगण श्री रामलाल थानेदार एवं श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मध्य दिनांक 07.11.2024 को रूबरू हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता जो कार्यालय के डिजीटल वॉईस रिकार्डर में इंस्ट्रॉल मेमोरी कॉर्ड SANDISK 16 GB में रिकॉर्ड सुदा को रूबरू मौतबिरान एवं परिवादी श्री गेमराराम के सुन–सुन कर शब्द–बशब्द फर्द ट्रांस्किप्ट रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्तालाप दिनांक 07.11.2024 मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में श्री संग्रामसिंह कानि 536 द्वारा कार्यालय लेपटॉप से मुर्तिब की गई। मूल मेमोरी कार्ड SANDISK 16 GB से कार्यालय लेपटॉप द्वारा दो अलग अलग डब मेमोरी कार्ड तैयार करवाये गये। मूल मेमोरी कार्ड SANDISK 16 GB मूल होने से एक कपडे की थेली में डालकर सील मोहर कर फर्द व थेली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर सम्बंधितगणों के हस्ताक्षर करवाये जाकर सील्डयुक्त थेली पर मार्क "एम" अंकित किया गया, एवं दूसरे दो मेमोरी कार्ड को डब मानते हुये खुला रखा गया। आरोपीगण व स्वयं के आवाज की पहचान परिवादी श्री गेमराराम द्वारा की गई। परिवादी एंव दोनों स्वतन्त्र गवाहान के रूबरू ट्रेप कार्यवाही में वक्त सत्यापन वार्ता दिनांक 07.11.2024 की रिकॉर्डिंग हेतु डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में प्रयुक्त मेमोरी कॉर्ड SANDISK 16 GB जो मूल ही डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर से सुरक्षित हालात में निकालकर मूल मेमोरी कार्ड SANDISK 16 GB को एक कागज के लिफाफे में रखकर लिफाफे को एक कपड़े की थैली में डालकर थैली को शील्ड मोहर कर फर्द जब्ती मूल मेमोरी कार्ड मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 07.11.2024 मुर्तिब की गई। उक्त फर्द व कपड़े की थेली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर संबधितगणों के हस्ताक्षर करवाये जाकर मूल मेमोरी कार्ड की शील्डयुक्त थेली पर मार्क एम अंकित किया गया। दिनांक 08.11.2024 को परिवादी श्री गेमराराम व आरोपीगण श्री रामलाल थानेदार एवं श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मध्य रूबरू हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता के मैमोरी कार्ड BRINTON 16 GB को कार्यालय के डिजीटल वॉईस रिकार्डर में इंस्ट्रॉल किया जाकर मेमोरी कॉर्ड BRINTON 16 GB को

परिवादी श्री गेमराराम के माध्यम से रिकॉर्ड करवाई गई थी, की फर्द ट्रांसकिप्टस तैयार करनी शेष हैं। अतः परिवादी श्री गेमराराम तथा दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं प्रभुसिंह नगर परिषद जैसलमेर की मौजूदगी में फर्द ट्रांसकिप्टस रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्तालाप मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्यालय हाजा के कानि श्री संग्रामसिंह नं. 536 द्वारा कार्यालय लेपटॉप से तैयार करनी शुरू की गई। परिवादी श्री गेमराराम व आरोपीगण श्री रामलाल थानेदार एवं श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मध्य दिनांक 08.11.2024 को रूबरू हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता जो कार्यालय के डिजीटल वॉईस रिकार्डर में इंस्ट्रॉल मेमोरी कॉर्ड BRINTON 16 GB में रिकॉर्ड सुदा को रूबरू मौतबिरान एवं परिवादी श्री गेमराराम के सुन–सुन कर शब्द–बशब्द फर्द ट्रांस्किप्ट रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्तालाप दिनांक 08.11.2024 मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में श्री संग्रामसिंह कानि 536 द्वारा कार्यालय लेपटॉप से मुर्तिब की गई। मूल मेमोरी कार्ड BRINTON 16 GB से कार्यालय लेपटॉप द्वारा दो अलग अलग डब मेमोरी कार्ड तैयार करवाये गये। मूल मेमोरी कार्ड BRINTON 16 GB मूल होने से एक कपडे की थेली में डालकर सील मोहर कर फर्द व थेली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर सम्बंधितगणों के हस्ताक्षर करवाये जाकर सील्डयुक्त थेली पर मार्क "एम–1" अंकित किया गया, एवं दूसरे दो मेमोरी कार्ड को डब मानते हुये खुला रखा गया। आरोपीगण व स्वयं के आवाज की पहचान परिवादी श्री गेमराराम द्वारा की गई। परिवादी एंव दोनों स्वतन्त्र गवाहान के रूबरू ट्रेप कार्यवाही में वक्त सत्यापन वार्ता दिनांक 08.11.2024 की रिकॉर्डिंग हेतु डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में प्रयुक्त मेमोरी कॉर्ड BRINTON 16 GB जो मूल ही डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर से सुरक्षित हालात में निकालकर मूल मेमोरी कार्ड BRINTON 16 GB को एक कागज के लिफाफे में रखकर लिफाफे को एक कपड़े की थैली में डालकर थैली को शील्ड मोहर कर फर्द जब्ती मूल मेमोरी कार्ड मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 08.11.2024 मुर्तिब की गई। उक्त फर्द व कपड़े की थेली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर संबधितगणों के हस्ताक्षर करवाये जाकर मूल मेमोरी कार्ड की शील्डयुक्त थेली पर मार्क एम1 अंकित किया गया। दिनांक 11.11.2024 समय 08.55 पी.एम. पर दिनांक 08.11.2024 को परिवादी श्री गेमराराम व आरोपी श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मध्य परिवादी के मोबाइल नम्बर [redacted] व आरोपी श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मोबाईल नम्बर [redacted] के मध्य हुई, मोबाइल वार्तालाप को कार्यालय हाजा के डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर में मैमोरी कार्ड SANDISK 08 GB मे कानि श्री किसनाराम 238 के माध्यम से रिकॉर्ड करवाई गई थी, की फर्द ट्रांसकिप्टस तैयार करनी शेष हैं। अतः परिवादी श्री गेमराराम तथा दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं प्रभुराम फायरमैन नगर परिषद जैसलमेर की मौजूदगी में फर्द ट्रांसकिप्टस मोबाईल वार्तालाप मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्यालय हाजा के कानि श्री संग्रामसिंह नं. 536 द्वारा कार्यालय लेपटॉप से तैयार करनी शुरू की गई। दिनांक 11.11.2024 समय 09.30 पी.एम. पर दिनांक 08.11.2024 को परिवादी श्री गेमराराम व आरोपी श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मध्य परिवादी के मोबाइल नम्बर [redacted] व आरोपी श्री लक्ष्मीनाराण हैड कानि के मोबाईल नम्बर [redacted] के मध्य हुई मोबाइल वार्तालाप को कार्यालय के डिजीटल वॉईस रिकार्डर में इंस्ट्रॉल मेमोरी कॉर्ड SANDISK 08 GB में रिकॉर्ड सुदा को रूबरू मौतबिरान एवं परिवादी श्री गेमराराम के सुन–सुन कर शब्द–बशब्द फर्द ट्रांस्किप्ट मोबाइल वार्तालाप दिनांक 08.11.2024 मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में श्री संग्रामसिंह कानि 536 द्वारा कार्यालय लेपटॉप से मुर्तिब की गई। मूल मेमोरी कार्ड SANDISK 08 GB से कार्यालय लेपटॉप द्वारा दो अलग अलग डब मेमोरी कार्ड तैयार करवाये गये। मूल मेमोरी कार्ड SANDISK 08 GB मूल होने से एक कपडे की थेली में डालकर सील मोहर कर फर्द व थेली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर सम्बंधितगणों के हस्ताक्षर करवाये जाकर सील्डयुक्त थेली पर मार्क "एम–2" अंकित किया गया, एवं दूसरे दो मेमोरी कार्ड को डब मानते हुये खुला रखा गया। आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण व स्वयं के आवाज की पहचान परिवादी श्री गेमराराम द्वारा की गई। दिनांक 11.11.2024 समय 09.55 पी.एम. परिवादी एंव दोनों स्वतन्त्र गवाहान के रूबरू ट्रेप कार्यवाही में वक्त सत्यापन वार्ता दिनांक 08.11.2024 की रिकॉर्डिंग हेतु डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में प्रयुक्त मेमोरी कॉर्ड SANDISK 08 GB जो मूल ही डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर से सुरक्षित हालात में निकालकर मूल मेमोरी कार्ड SANDISK 08 GB को एक कागज के लिफाफे में रखकर लिफाफे को एक कपड़े की थैली में डालकर थैली को शील्ड मोहर कर फर्द जब्ती मूल मेमोरी कार्ड मोबाइल वार्तालाप दिनांक 08.11.2024 मुर्तिब की गई। उक्त फर्द व कपड़े की थेली पर प्रकरण का विवरण अंकित कर संबधितगणों के हस्ताक्षर करवाये जाकर मूल मेमोरी कार्ड की शील्डयुक्त थेली पर मार्क

एम–2 अंकित किया गया। परिवादी श्री गेमराराम को आरोपीगण को रिश्वत में दी जाने रिश्वती राशि 6000 रूपये की व्यवस्था कर लाने की समझाईश करते हुए, परिवादी श्री गेमराराम एवं दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं प्रभुसिह फायर मैन को पुनः गोपनीयता की हिदायत देकर कल दिनांक 12.11.2024 को समय 5.30 एएम पर ब्यूरो कार्यालय उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर रूकसत किया गया।

दिनांक 12.11.2024 को पुर्व मे पाबन्दशुदा दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं प्रभुसिह फायर मैन एवं परिवादी श्री गेमराराम ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आये है परिवादी श्री गेमराराम ने बताया कि आरोपीगण को रिश्वत में दी जाने रिश्वती राशि 6000 रूपये की व्यवस्था कर साथ लाया हुँ। इस समय रूबरू स्वतन्त्र गवाहान परिवादी श्री गेमराराम से आरोपीगण श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि वगैरा को रिश्वत में दी जाने वाली राशि प्रस्तुत करने हेतु कहा गया तो परिवादी श्री गेमराराम ने आरोपीगण को रिश्वत में दी जाने वाली राशि भारतीय मुद्रा के 500–500 रू. के 12 नोट, कुल राशि 6000 रू0 मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को रूबरू गवाहान पेश किये। जिस पर परिवादी श्री गेमराराम तथा दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं प्रभुसिह फायरमैन के रूबरू फर्द पेशकशी एवं सुपुदर्गी नोट एवं सोडियम कार्बोनेट व फिनोफ्थलीन पाऊडर की किया–प्रतिकिया श्री सम्पतलाल कानि 230 से प्रदर्शित करवाई जाकर इस कार्यवाही की फर्द पेशकशी रिश्वती राशि एवं दृष्टान्त फिनोफथलीन व सोडियम कार्बोनेट पाऊडर एवं सुपुर्दगी रिश्वती राशि मुर्तिब कर इस पर सम्बंधितगणों के हस्ताक्षर करवाकर फर्द शामिल पत्रावली की गई। नोटों पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने वाले श्री सम्पतलाल कानि 230 को कार्यालय हाजा की निगरानी हेतु पीछे छोड़ने का निर्णय लिया गया। उपस्थित परिवादी श्री गेमराराम ने अपने मोबाईल वाट्सएप्प कॉल नम्बर [redacted] से आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के वाट्सएप्प नम्बर [redacted] पर वार्ता कर मालुमात किया तो आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि ने बताया कि मै निजी कार्य से जैसलमेर आया हुआ हुँ शाम को करीब 3–4 बजे के आस पास मै पुलिस थाना रामगढ जाउँगा, आप मुझे 4 बजे के आस पास पारेवर फांटा पर हाजिर मिलना, इत्यादि सूचना मिलने पर ट्रेप कार्यवाही अग्रिम रूपरेखा तैयार की गई। श्री चम्पालाल सहायक उप निरीक्षक, श्री कंवराजसिह कानि 444, श्री गुमनाराम कानि 439, श्री भंवरलाल कानि 309 मय अपने निजी वाहन के आरोपीगण की अलग अलग उपस्थिति होने के कारण अग्रिम ट्रेप कार्यवाही मे सहयोगार्थ कस्बा रामगढ के लिए आवश्यक गोपनीय हिदायत देकर रवाना किया गया।ताबाद मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यूरो जाप्ता श्रीमति बन्नू कुमारी हैड कानि 114 श्री किसनाराम कानि 238, श्री शिवप्रताप कानि 541, श्री संग्रामसिंह कानि 536,श्री नरेन्द्रसिंह कानि 274, मय दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं प्रभुसिह फायरमैन एवं परिवादी श्री गेमराराम, के चौकी हाजा के राजकीय वाहन बोलेरों श्री शेराराम चालक कानि 302 एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निजी वाहन के प्रकरण हाजा की पत्रावली, डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स, विडियो रिकॉर्डिग कैमरा एवं अन्य आवश्यक सामग्री के ट्रेप कार्यवाही हेतु परिवादी श्री गेमराराम वाट्सएप्प कॉल नम्बर [redacted] की आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के वाट्सएप्प नम्बर [redacted] पर हुई वार्तानुसार पारेवर फांटा के लिए रवाना हुआ। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यूरो जाप्ता श्रीमति बन्नू कुमारी हैड कानि 114 श्री किसनाराम कानि 238, श्री शिवप्रताप कानि 541, श्री संग्रामसिंह कानि 536,श्री नरेन्द्रसिंह कानि 274, मय दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एवं प्रभुसिह फायरमैन एवं परिवादी श्री गेमराराम, के चौकी हाजा के राजकीय वाहन बोलेरों श्री शेराराम चालक कानि 302 एवं निजी वाहन के प्रकरण हाजा की पत्रावली, डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स, विडियो रिकॉर्डिग कैमरा एवं अन्य आवश्यक सामग्री के उपरोक्त फिकरा के रवाना होकर पारेवर गांव पहुँचे, आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के बहुत ही शातिर प्रवृति के होने एवं अपनी सही लोकेशन नही बताने के कारण ऐतिहातन के तौर पर एक मोटरसाईकिल हमराह लेकर पारेवर फांटा के आस पास अपनी उपस्थिति गोपनीय रूप से छुपाते हुए आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के आने के इन्तजार में मुकीम रहे। समय 04.25 पीएम तक आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के परिवादी श्री गेमराराम के बताये अनुसार पारेवर फांटे पर उपस्थित नही आने तथा ना ही कोई सम्पर्क करने पर परिवादी श्री गेमराराम के मोबाईल से आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के मोबाईल पर वार्ता करवाई गई तो आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण ने बताया कि मै प्राईवेट बस से अभी लाणेला के आस पास पहुँचा हुँ तथा थोडी ही देर में पारेवर फांटे पर पहुँचने वाला हुँ ,जिस पर परिवादी श्री गेमराराम को डिजिटल वॉयस

रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के हमराह कानि श्री किसनाराम 238 के मय परिवादी की मोटरसाईकिल के गोपनीय स्थान से पारेवर फांटा की तरफ बाद आवश्यक हिदायत के रवाना किया जाकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय दोनों स्वतन्त्र गवाह मय ब्यूरो स्टाफ मय वाहनो के पारेवर फांटा से आगे कुछ ही दूरी पर रामगढ रोड के आस पास परिवादी के मुर्करर इशारे के इन्तजार में मुकीम हुआ। समय 04.56 पीएम पर परिवादी के हमराह गये हुए कानि श्री किसनाराम 238 ने जरिये टेलीफोन मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा परिवादी को बताये अनुसार एक बस पारेवर फांटे पर पहुँची थी जिसने परिवादी द्वारा रूकने का इशारा करने के बावजुद भी बस नही रोकी, जिस पर परिवादी ने आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि फोन कर पुछा की आप पारेवर फांटे से अभी निकलने वाली बस में ही बैठे थे क्या? जिस पर आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण ने बताया कि मै इस बस में ही हुँ यह बस रामगढ नही जाकर, जोगा फांटा होकर सेहुआ गांव की तरफ जायेगी, मै तेरे को जोगा फांटे पर मिलुगा मुझे कोई रामगढ के लिए साधन मिल गया तो मै रामगढ में मिलूगा इत्यादि सूचना पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कानि श्री किसनाराम को निर्देशित किया कि आप परिवादी मय मोटरसाईकिल के रामगढ की तरफ आ जाओ, मै आपको रामगढ के रास्ते आपसे कुछ ही दूरी पर मिलूगा। कानि श्री किसनाराम मय परिवादी श्री गेमराराम जरिये मोटरसाईकिल के मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं ट्रेप दल के पास जोगा फांटे से कुछ ही दूरी पहले उपस्थित आये है, परिवादी श्री गेमराराम की टेलीफोनिक वार्ता अनुसार आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि के जोगा फांटे पर मिलने की पुर्ण सम्भावना होने पर अविलम्ब ही डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मैमोरी कार्डयुक्त को कानि श्री किसनाराम 238 द्वारा चालु करवाया जाकर परिवादी को सुपुर्द कर आरोपी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि से रिश्वती राशि लेन–देन हेतु मोटरसाईकिल से रवाना किया एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय कानि श्री किसनाराम, हमराह ट्रेप दल मय दोनों वाहनो के परिवादी के पीछे पीछे रामगढ की तरफ रवाना हुए। जोगा फांटा से निकलकर नवलसिंह की ढाणी का फांटे से पहले परिवादी श्री गेमराराम अपनी मोटरसाईकिल से एक अन्य मोटरसाईकिल के पास से गुजरता है,उसी दौरान अन्य मोटरसाईकिल के पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा श्री गेमराराम को रूकने का इशारा करता है, जिस पर परिवादी श्री गेमराराम अपनी मोटरसाईकिल को अन्य मोटरसाईकिल के पास रामगढ हाईवे पर ही रोक देता है। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमराह ट्रेप दल गोपनीयता की दृष्टि से उक्त दोनों मोटरसाईकिलो से धीरे धीरे आगे निकल जाते है चन्द समय बाद ही हमराही कानि श्री किसनाराम 238 के पास परिवादी श्री गेमराराम का फोन आता है और बताता है कि जिस समय आप हमारी दोनों मोटरसाईकिलो के पास से गुजरे थे तत्समय ही दुसरी मोटरसाईकिल के पीछे बैठा व्यक्ति श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि पुलिस थाना रामगढ ही था जिसने मेरी मोटरसाईकिल को इशारा देकर रूकवाई एवं मेरे से रिश्वती राशि के 6000 रूपये लेकर अभी अभी लेकर अपनी पहनी हुई नीले रंग की जिन्स पेन्ट के आगे की दाहिनी जेब में रखे है, तथा मैने प्रकरण संख्या 81/2024 के अनुसंधान में श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि द्वारा मंगवाये गये प्रटीकुलर फार्म को भी श्री लक्ष्मीनारायण हैड कानि को दे दिये तथा उक्त मोटरसाईकिल कस्बा रामगढ की तरफ आ रही है, मै भी उसके पीछे पीछे मोटरसाईकिल से चल रहा हुँ उपरोक्त समस्त वार्तालाप कानि श्री किसनाराम के द्वारा लाउडस्पीकर किये गये फोन से मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा हमराही ट्रेप दल के सदस्य शिवप्रताप कानि 541, श्री संग्रामसिह कानि 536, एवं दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री हंसराज सहायक अभियन्ता एव श्री प्रभूसिहं द्वारा सूना गया इत्यादि आमदा सूचना पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने गाड़ी को अविलम्ब ही नवलसिंह की ढाणी का फांटे की तरफ घुमाया इतने में ही परिवादी द्वारा बताये गये हुलिये के दो व्यक्ति एक मोटरसाईकिल पर गाड़ी के पास से रामगढ कस्बे की तरफ निकले तथा उक्त मोटरसाईकिल के पीछे पीछे ही चल रहे परिवादी ने पास से गुजरी मोटरसाईकिल की तरफ ईशारा किया, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा गाडी को पुनः रामगढ कस्बे की तरफ मोड़कर उक्त मोटरसाईकिल का पीछा कर बराबर पहुँच रूकने का ईशारा किया तो उक्त मोटरसाईकिल के चालक ने मोटरसाईकिल को हड़बड़ाते हुवें 400केवी जीएसएस रामगढ के पास रोड के डिवाईडर की तरफ मुख्य रोड पर ही रोक दी, मोटरसाईकिल के रूकते ही पीछे बैठा व्यक्ति उतर कर भागने का प्रयास करने लगा इतने मे ही मेरे ड्राईवर सीट के पीछे बैठा कार्यालय कानि श्री शिवप्रताप 541 ने मोटरसाईकिल के पीछे से उतर कर भागने वाले व्यक्ति की गिरेबान को पीछे से पकड़ लिया मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व दोनों स्वतन्त्र गवाहान एवं समस्त ट्रेप दल ने उसको चारो ओर से घेर लिया, तत्समय पीछे से ही मोटरसाईकिल पर

